# प्रथम सावधिक परीक्षा, 2025-26

## वर्ग - दशम

## हिन्दी ( मातृभाषा )

समय - 3 घंटे 15 मिनट ] [ पूर्णांक - 100

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश–**

( क ) परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

( ख ) दाहिनी ओर हाशिये पर दिए हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

( ग ) यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों में है– खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'ब'।

### खण्ड 'अ' ( वस्तुनिष्ठ प्रश्न )

निर्देश– प्रश्न-संख्या 01 से 50 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। इनके उत्तर देने हेतु OMR में दिए गए सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से भरें। 50×1=50

1. डॉ० भीमराव अम्बेदकर की रचनात्मकता के प्रेरक व्यक्ति इनमें कौन नहीं थे?
(A) बुद्ध (B) कबीरदास (C) ज्योतिबाफूले (D) सूरदास

2. डॉ० भीमराव अम्बेदकर को उच्चत्तर शिक्षा में सहयोग दिया–
(A) दिल्ली नरेश (B) बड़ौदा नरेश (C) मगध नरेश (D) कौशाम्बी नरेश

3. आधुनिक सभ्य समाज में भी जाति प्रथा के पोषक श्रम-विभाजन को क्यों आवश्यक मानते हैं?
(A) सत्ता संचालन के लिए (B) शोषित के हित के लिए
(C) शोषकों के हित के लिए (D) कार्य-कुशलता के लिए

4. भारत में जाति प्रथा पेशा परिवर्तन की अनुमति न देकर किस बात का प्रमुख एवं प्रत्यक्ष कारण बनी हुई है?
(A) अशिक्षा का (B) अपराध का (C) बेरोजगारी का (D) कानून उल्लंघन का

5. निम्नलिखित में कौन हिन्दी कविता में 'प्रपद्यवाद' के प्रवर्तक हैं?
(A) अज्ञेय (B) राम विलास शर्मा (C) नलिन विलोचन शर्मा (D) नरेंद्र

6. सेन साहब की नई मोटर कार किस रंग की है?
(A) लाल (B) सफेद (C) आसमानी (D) काली

7. सेन साहब की कुल कितनी बेटियाँ हैं?
(A) दो (B) तीन (C) चार (D) पाँच

8. नलिन विलोचन शर्मा के पिता कौन थे?
(A) राम पोद्दार शर्मा (B) राम स्नेह शर्मा (C) रामानुज शर्मा (D) रामावतार शर्मा

9. सेन साहब के मोटर की कीमत है–
(A) सात हजार (B) साढ़े सात हजार (C) आठ हजार (D) दस हजार

10. किसने वैदिक तत्त्वज्ञान को मानव सभ्यता का मूल स्रोत माना है?
(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी (B) मैक्समूलर (C) गुणाकर मुले (D) महात्मा गाँधी

11. 'दारिस' क्या है?
(A) देव विज्ञान (B) मुद्रा का एक प्राचीन प्रकार (C) सार या निष्कर्ष (D) नृतत्त्व विद्या

12. 'शाहनामा' का रचनाकाल है–
(A) दसवीं-ग्यारहवीं सदी (B) ग्यारहवीं-बारहवीं सदी
(C) चौदहवीं-पंद्रहवीं सदी (D) सोलहवी-सत्रहवीं सदी

13. 'भारत से हम क्या सीखें' गद्यपाठ का जर्मन भाषा से हिन्दी में भाषांतरण किसने किया है?
(A) राम विलास शर्मा (B) गुणाकर मुले (C) अशोक वाजपेयी (D) भवानी शंकर त्रिवेदी

P T O

14. 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' गद्य की कौन-सी विधा है?
(A) वैचारिक निबंध (B) शोधपरक निबंध (C) आलोचनात्मक निबंध (D) ललित निबंध

15. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी की निम्नलिखित में कौन-सी रचना नहीं है?
(A) अशोक के फूल (B) बड़े भाई
(C) वाणभट्ट की आत्मकथा (D) अनामदास की पोथा

16. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार 'बेहया' है–
(A) बाल (B) दाढ़ी (C) नाखून (D) शरीर

17. कमबख्त नाखून बढ़ते हैं, तो बढ़ें.........उन्हें बढ़ने नहीं देगा।
(A) हथियार (B) औजार (C) दानव (D) मनुष्य

18. गुरु नानक का जन्म कब हुआ था?
(A) 1469 ई० में (B) 1459 ई० में (C) 1298 ई० में (D) 1518 ई० में

19. गुरु नानक की भेंट किस मुगल बादशाह से हुई थी?
(A) बाबर से (B) हुमायूँ से (C) अकबर से (D) जहाँगीर से

20. गुरु नानक के अनुसार इस दुनिया में राम नाम संकीर्तन के बिना क्या व्यर्थ है?
(A) जन्म और जीवन (B) ईश्वर की महिमा (C) वाणी और कर्म (D) रिश्ते-नाते

21. गुरु नानक के अनुसार किनका नाम निरंतर जपने से इस भवसागर से पार हुआ जा सकता है?
(A) हरि का नाम (B) गुरु का नाम (C) सिख धर्म का नाम (D) स्वर्ग का नाम

22. गुरु नानक का जन्म-स्थान कहलाता है–
(A) तलबंडी (B) नानकाना साहब (C) लाहौर (D) पाकिस्तान

23. निम्नलिखित में कौन-सी रचना गुरुनानक साहब की नहीं है?
(A) जपुजी (B) आसादीवार (C) रहिरास (D) प्रेमवाटिका

24. रसखान दिल्ली के किस राजवंश में उत्पन्न हुए थे?
(A) गुलाम वंश में (B) मुगल वंश में (C) लोदी वंश में (D) पठान वंश में

25. निम्नलिखित में कौन-सी पुस्तक रसखान द्वारा रचित है?
(A) प्रेमवाटिका (B) सूरसागर (C) कवितावली (D) सतसई

26. रसखान किनके भक्त थे?
(A) राम के (B) कृष्ण के (C) शिव के (D) विष्णु के

27. रसखान ने किसे 'प्रेमवरन' कहा है?
(A) राधा-कृष्ण को (B) यशोदा को (C) नंदनंदन को (D) नंद को

28. किसने रसखान की रचनाओं पर मुग्ध होकर कहा था– "इन मुसलमान हरिजनन पै, कोटिन हिन्दू वारिये।"?
(A) रामचन्द्र शुक्ल (B) हजारी प्रसाद द्विवेदी (C) भारतेन्दु हरिश्चंद्र (D) अशोक वाजपेयी

29. घनानंद किस युग के कवि हैं?
(A) आदिकाल के (B) भक्तिकाल के (C) रीतिकाल के (D) आधुनिक काल के

30. घनानंद किस भाषा के कवि हैं?
(A) अवधी (B) राजस्थानी (C) ब्रजभाषा (D) भोजपुरी

31. घनानंद के अनुसार किसका मार्ग अत्यंत सीधा और सरल है?
(A) स्नेह का (B) घृणा का (C) भक्ति का (D) तीर्थ का

32. 'प्रेमघन' ने 1874 ई० में कहाँ 'रसिक समाज' की स्थापना की?
(A) बनारस (B) इलाहाबाद (C) लखनऊ (D) मिर्जापुर

33. प्रेमघन के अनुसार कौन-सी विद्या पढ़कर लोगों की बुद्धि भी विदेशी हो गई है?
(A) विज्ञान विद्या (B) विदेशी विद्या (C) बाजार विद्या (D) छल विद्या

34. प्रेमघन के अनुसार लोग क्या लेकर मानो झूठी प्रशंसा और खुशामद करने में लगे हुए हैं?
(A) पैसा लेकर (B) ढोलक लेकर (C) डफली लेकर (D) कर्ज लेकर

35. बदरी नारायण चौधरी 'प्रेमघन' किस युग के कवि हैं?
(A) भारतेन्दु युग के (B) द्विवेदी युग के (C) छायावादी युग के (D) प्रगतिवादी युग के

bsebcareer.com

36. निम्नलिखित में तत्सम शब्द है–
(A) बगुला (B) वक् (C) वक (D) वेक

37. यदि कर्ता के साथ 'ने' परसर्ग का प्रयोग हो तथा कर्म के साथ कोई परसर्ग न हो, तो–
(A) क्रिया कर्म के लिंग-वचनानुसार होगी (B) क्रिया कर्ता के लिंग-वचनानुसार होगी
(C) (A) एवं (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

38. व्यक्तिवाचक संज्ञा का उदाहरण है–
(A) व्यक्ति (B) गरिमा (C) पर्वत (D) दिल्ली

39. निम्नलिखित में कौन एक निश्चयवाचक सर्वनाम है?
(A) क्या (B) कुछ (C) कौन (D) वह

40. विशेषण के कितने भेद हैं?
(A) तीन (B) चार (C) पाँच (D) छह

41. प्रविशेषण कहते हैं–
(A) क्रियाविशेषण से पहले लगनेवाला विशेषण
(B) विशेषण की विशेषता बतानेवाला विशेषण
(C) विशेष्य की विशेषता बतानेवाला विशेषण
(D) विधेय की विशेषता बतानेवाला विशेषण

42. निम्नलिखित में कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है?
(A) स्थापना (B) स्वदेश (C) अध्याय (D) अपराध

43. निम्नलिखित में बहुवचन शब्द है–
(A) माता (B) प्राण (C) लड़का (D) किताब

44. "अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारना" मुहावरे का सही अर्थ है–
(A) अनाड़ीपन करना (B) आत्महत्या करना
(C) स्वयं अपने को हानि पहुँचाना (D) उपकार न मानना

45. कौन-सा शब्द 'दास' का पर्यायवाची नहीं है?
(A) अनुचर (B) परिकर (C) नृत्य (D) सेवक

46. संन्यासी का विलोम रूप है–
(A) राजा (B) भोगी (C) गृहस्थ (D) ब्रह्मचर्

47. अनिल-अनल शब्द-युग्म के सही अर्थ-भेद का चयन कीजिए–
(A) आग-हवा (B) हवा-पानी (C) जंगल-आग (D) हवा-आग

48. य, र, ल, व किस वर्ण का व्यंजन है?
(A) ऊष्म (B) तालव्य (C) अन्तःस्थ (D) ओष्ठ्य

49. निम्नलिखित में कौन संयुक्त व्यंजन नहीं है?
(A) क्ष (B) त्र (C) ष (D) ज्ञ

50. निम्नलिखित में शुद्ध शब्द है–
(A) गार्हहस्थ्य (B) गार्हस्थ्य (C) गृहस्थ्य (D) ग्राहस्थ्य

## खण्ड 'ब' (गैर-वस्तुनिष्ठ पश्न)

1. निम्नांकित गद्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

(क) राह पर खड़ा है, सदा से ठूँठ नहीं है। दिन थे जब वह हरा-भरा था और उस जनसंकुल चौराहे पर अपनी छतनार डालियों से बटोहियों की थकान अनजाने दूर करता था।

पर, मैंने सदा उसे ठूँठ ही देखा है। पत्रहीन, शाखाहीन, निरवलंब, जैसे पृथ्वीरूपी आकाश से सहसा निकलकर अधर में ही टंग गया हो। रात में वह काले भूत-सा लगता है, दिन में उसकी छाया इतनी गहरी नहीं हो पाती जितना काला जिस्म है और अगर चितेरे को छायाचित्र बनाना हो, तो शायद उसका-सा अभिप्राय और न मिलेगा। प्रचंड धूप में भी उसका सूखा शरीर उतनी ही गहरी छाया जमीन पर डालता जैसे रात की



bsebcareer.com

उजियारी चाँदनी में।

(i) ठूँठ जब हराभरा था तब क्या करता था? 2

(ii) लेखक इसे सदा कैसा ठूँठ देखा है? 2

(iii) रात में ठूँठ कैसा लगता है? 2

(iv) ठूँठ का सूखा शरीर प्रचण्ड धूप में भी जमीन पर कैसी छाया डालता है? 2

(v) प्रस्तुत गद्यांश का एक उचित शीर्षक दें। 2

(ख) गाँधीजी ने दक्षिण अफ्रीका में प्रवासी भारतीयों को मानव-मात्र की समानता और स्वतंत्रता के प्रति जागरूक बनाने के लिए प्रयत्न किया। इसी के साथ उन्होंने भारतीयों के नैतिक पक्ष को जगाने और सुसंस्कृत बनाने के प्रयत्न भी किए। गाँधीजी ने ऐसा क्यों किया? इसलिए कि वे मानव-मानव के बीच काले-गोरे या ऊँच-नीच का भेद ही मिटाना पर्याप्त नहीं समझते थे, वरन उनके बीच एक मानवीय स्वाभाविक स्नेह और हार्दिक सहयोग का संबंध भी स्थापित करना चाहते थे। इसके बाद जब वे भारत आए, तब उन्होंने इस प्रयोग को एक बड़ा और व्यापक रूप दिया। विदेशी शासन के अन्याय-अनीति के विरोध में उन्होंने जितना बड़ा सामूहिक प्रतिरोध संगठित किया, उसकी मिसाल संसार के इतिहास में अन्यत्र नहीं मिलती। पर, इसमें उन्होंने सबसे बड़ा ध्यान इस बात का रखा कि इस प्रतिरोध में कहीं भी कटुता, प्रतिशोध की भावना अथवा कोई भी ऐसी अनैतिक बात न हो जिसके लिए विश्वमंच पर भारत का माथा नीचा हो। ऐसा गाँधीजी ने इसलिए किया, क्योंकि वे मानते थे कि बंधुत्व, मैत्री, सद्भावना, स्नेह-सौहार्द आदि गुण मानवतारूपी टहनी के ऐसे पुष्प हैं जो सर्वदा सुगंधित रहते हैं।

(i) गाँधी जी ने दक्षिण अफ्रीका में प्रवासी भारतीयों के लिए क्या किया था? 2

(ii) गाँधीजी अफ्रीकावासियों और भारतीय प्रवासियों के बीच क्या स्थापित करना चाहते थे? 2

(iii) संसार के इतिहास में किसका मिशाल नहीं मिलता है? 2

(iv) गाँधी जी किसे मानवता रूप टहनी के पुष्प मानते थे? 2

(v) प्रस्तुत गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक दें। 2

2. निम्नलिखित में किसी एक विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबंध लिखिए– 10

(i) डिजिटल इंडिया (ii) बिहार की शिक्षा-व्यवस्था

(iii) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ (iv) सड़क सुरक्षा

3. वर्ग में कम्प्यूटर शिक्षक की व्यवस्था हेतु प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखें। 5

*अथवा,* अपने मित्र को परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए एक बधाई-पत्र लिखें।

4. निम्नलिखित में किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखें– 5×2=10

(i) जातिवाद के पोषक उसके पक्ष में क्या तर्क देते हैं?

(ii) खोखा किस मामलों में अपवाद था?

(iii) धर्मों की दृष्टि से भारत का क्या महत्त्व है?

(iv) नाखून बढ़ाना और उन्हें काटना कैसे मनुष्य की सहजात वृत्तियाँ हैं?

(v) हरिरस से कवि का अभिप्राय क्या है?

(vi) कवि प्रेममार्ग को अति सूधो क्यों कहता है?

(vii) नेताओं के बारे में कवि की क्या राय है?

(viii) मंगम्मा का अपनी बहू के साथ किस बात को लेकर विवाद था?

(ix) बहू ने अपने सास को मनाने के लिए कौन-सा तरीका अपनाया?

5. निम्नांकित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या करें– 5

"काट दीजिए, वे चुपचाप दंड स्वीकार कर लेंगे, पर निर्लज्ज अपराधी की भाँति फिर छूटते ही सेंध पर हाजिर।"

*अथवा,* "मनुज भारती देखि कोउ, सकत नहीं पहचान।"

bsebcareer.com